जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में दिनांक 12.09.2022 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 12.09.2022 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जनपद झाँसी की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्नानुसार सदस्य/अधिकारी उपस्थित रहे :-


| क्र0 सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री जुनैद अहमद | मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 2 | श्री संजय कुमार पाण्डेय | अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी। |
| 3 | श्री सुनील कुमार | जिला विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 4 | श्री जगदीश राम गौतम | जिला पंचायत राज अधिकारी, झाँसी। |
| 5 | श्री रणविजय सिंह | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या., उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 6 | श्री विजय कुमार | अधि0अभि0, लिफ्ट कैनाल डिवीजन राजघाट, सिं. वि., झाँसी। |
| 7 | श्री आर.एन. लाल, | अधि.अभि., नि.ख.–3, लो0नि0वि0, झाँसी। |
| 8 | श्री आर.एस. सिंह बादलीवाल | अधि.अभि. झाँसी डिवीजन जल संस्थान, झाँसी। |
| 9 | श्री हिमांशु नेगी | परि0प्रब0, अतिरिक्त निर्माण इकाई, उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 10 | श्री राजीव कठेरिया | सहा.अभि., निर्माण इकाई, उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 11 | श्री दिनेश बाबू मिश्रा | सहा0अभि0, सिंचाई निर्माण खण्ड, सि.वि., मऊरानीपुर। |
| 12 | श्री शैलेन्द्र कुमार सेठी | सहा0अभि0, झाँसी प्रखण्ड बेतवा नगर, झाँसी। |
| 13 | श्री दीपाकर राव | सहा0अभि0, सपरार प्रखण्ड, सिंचाई विभाग, झाँसी। |
| 14 | श्री राजेश कुमार गुप्ता | टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 15 | श्री श्रीनिवास मिश्रा | टीम लीडर, पी.एम.सी., झाँसी। |
| 16 | श्री विजय लोखण्डे | प्रोजेक्ट मैनेजर, एन.सी.सी., झाँसी। |
| 17 | श्री लक्ष्मीनारायण | प्रोजेक्ट मैनेजर, वी.जी.सी.सी., झाँसी। |
| 18 | श्री ओ.वी.एस.एस. मूर्ति | प्रोजेक्ट मैनेजर, आई.एच.पी., झाँसी। |
| 19 | श्री विशाल | प्रोजेक्ट मैनेजर, यूनिप्रो टेक्नो इन्फ्रास्ट्रेक्चर, झाँसी। |
| 20 | श्री नारायण दास | प्रोजेक्ट मैनेजर, दारा इंजीनियरिंग, झाँसी। |

बैठक में जिला पंचायत अधिकारी, झाँसी द्वारा द्वारा अवगत कराया कि जनपद झाँसी के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत द्वारा संचालित 114 नग एकल ग्राम पेयजल योजनाओं में से वर्तमान में 93 नग पूर्ण क्षमता पर, 01 नग आंशिक, 17 नग पूर्ण बन्द एवं 03 नग आंशिक क्षमता पर चालू है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी को निर्देशित किया गया कि उक्त आंशिक क्षमता पर चालू एवं पूर्ण बन्द 21 नग ग्रामों को जल जीवन मिशन के अनुरूप संतृप्त किये जाने हेतु ग्रामों का विवरण अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र0 सं0 | आंशिक, पूर्ण बन्द एवं आंशिक क्षमता पर चालू पेयजल योजनाओं का विवरण | वर्तमान स्थिति | |
|---|---|---|---|
| | 17 + 4 = 21 योजनायें | 1. वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं में पूर्व से सम्मिलित योजनायें – | – 18 नग |
| | | 2. जल जीवन मिशन में सम्मिलित करने हेतु योजनायें। | – शून्य |
| | | 3. पूर्व से निर्माणाधीन रेट्रोफिटिंग में सम्मिलित योजनायें– | – शून्य |
| | | 4. जल जीवन मिशन में प्रस्तावित रेट्रोफिटिंग हेतु योजनायें– | – 3 नग |

जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायतो को हस्तान्तरित पेयजल योजनाओं पर ग्राम प्रधान द्वारा तैनात किये गये कार्मिकों द्वारा मोटर न चालने के कारण ग्रामों की जलापूर्ति प्रभावित हो रही है, जिस पर जिला पंचायत राज अधिकारी को आदेशित किया गया कि अपने स्तर से समस्त ग्राम प्रधानो को निर्देशित कर योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित कराना सुनिश्चित करें तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को यह भी निर्देश दिये गये कि जनपद झाँसी के समस्त ग्रामो का सत्यापन कराते हुये इस आशय का प्रमाण पत्र अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें कि उनके अधीनस्थ कोई भी राजस्व ग्राम/पुरवा/मजरा पाईप पेयजल विहीन न हों।

**(कार्यवाही– जिला पंचायती राज अधिकारी,झाँसी।/अधि0अभि0 जल निगम (ग्रामीण)**



जल संस्थान, झाँसी द्वारा अनुरक्षित एवं संचालित पेयजल योजनाओं की समीक्षा करने पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद झाँसी के ग्रामीण क्षेत्रों में उनके द्वारा 27 नग पेयजल योजनाओं का संचालन/रखरखाव किया जा रहा है, जिनमें कुल 184 ग्राम सम्मिलित है। उपरोक्त योजनाओं में सम्मिलित ग्रामों में से 84 ग्राम चालू एवं 100 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति बन्द है, जिसपर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), झाँसी को उपरोक्त 100 नग बन्द ग्रामों को जल जीवन मिशन के अनुरूप संतृप्त किये जाने हेतु विवरण, ग्रामों की सूची सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें :–

| क्रम सं0 | योजनाओं की संख्या | योजना में सम्मिलित कुल ग्रामों की संख्या | योजना में सम्मिलित ग्राम | | जल संस्थान द्वारा अनुरक्षित योजनान्तर्गत सम्मिलित बन्द ग्रामों की वर्तमान स्थिति | | | | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | चालू | बन्द | जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पा.स.पे.यो. में पूर्व से सम्मिलित ग्राम | जल जीवन मिशन में सम्मिलित करने हेतु ग्राम | पूर्व से निर्माणाधीन न रेट्रोफिटिंग में सम्मिलित ग्राम | जल जीवन मिशन में रेट्रोफिटिंग हेतु प्रस्तावित ग्राम | जल निगम द्वारा अनुरक्षित | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 27 | 184 | 84 | 100 | 78 | 4 | 4 | 12 | 2 | — |


अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान, झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 06 नगर निकायों मे टैंकरो के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, जिस पर अन्य नगरों में पेयजल की समस्या के निदान हेतु की जा रही कार्यवाही की जानकारी अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान, झाँसी से चाही गई, जिस पर उनके द्वारा अवगत कराया गया कि चिरगाँव नगर की पेयजल मांग को पूरा करने के 02 नग निजी नलकूपों के माध्यम से टैंकरों का संचालन कराते हुये चिरगाँव नगर की पेयजल मांग को पूरा किया जा रहा है। समीक्षा बैठक मे प्रस्तुत पुस्तिका में अंकित सूचना एवं अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान, झाँसी द्वारा दी गई जानकारी में भिन्नता होने पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान, झाँसी को निर्देशित किया गया कि आगामी 03–04 दिनों में स्थिति स्पष्ट करते हुये संशोधित प्रगति पुस्तिका अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान, झाँसी/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण),झाँसी )**

जल निगम द्वारा अनुरक्षित 06 नग पेयजल योजनाओं को सम्बन्धित ग्राम पंचायतों/ जल संस्थान, झाँसी को अविलम्ब हस्तान्तरित करने तथा निर्माणाधीन रनगुवां ग्राम समूह पेयजल योजना के समस्त जोनों में शीघ्र पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करते हुये योजना के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), झाँसी/जिला पंचायत राज अधिकारी, झाँसी/अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान, झाँसी)**


अमृत कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना फेज–।। के कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान अनुबन्धित फर्म मैसर्स तहल के किसी भी प्रतिनिधि द्वारा बैठक मे प्रतिभाग न करने के कारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा रोष व्यक्त किया गया तथा सहायक अभियन्ता, निर्माण इकाई, उ0प्र0 जल निगम, झाँसी को अनुबन्धित फर्म को नोटिस जारी करते हुये उसकी प्रतिलिपि अधोहस्ताक्षरी को पृष्ठांकित करते हुये आगामी बैठक में अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि के साथ ही प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित किया गया।



अमृत कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना फेज–। के कार्यो की समीक्षा की गयी, जिस पर परियोजना प्रबन्धक, अतिरिक्त निर्माण इकाई, जल निगम, झाँसी

द्वारा अवगत कराया गया कि प्रथम फेज में प्रस्तावित समस्त कार्य पूर्ण किये जा चुके है। योजनान्तर्गत प्रस्तावित 26000 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 18000 गृह संयोजन किये जाने का पूर्ण किया जा चुका है। अवशेष 8000 नग गृह संयोजनों के सम्बन्ध में परियोजना प्रबन्धक, अतिरिक्त निर्माण इकाई, जल निगम, झाँसी द्वारा अगवत कराया गया कि शेष गृह संयोजनों को जल संस्थान, झाँसी द्वारा सिविल लाईन जोन एवं मिशन कम्पाउण्ड जोन में प्रस्तावित पाईप लाइन को इन्डेक्स मैप पर इंगित करते हुये उपलब्ध कराने के उपरान्त उपरोक्त शेष 8000 नग गृह संयोजनों का कार्य करा दिया जायेगा। **(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक, अतिरिक्त निर्माण इकाई, जल निगम (नगरीय) /अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान, झाँसी)**

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत निर्माणाधीन इन्टेक वेल का कार्य जल भराव के कारण बन्द है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा योजना पर कार्यों को कराने हेतु लगाये गये श्रमिकों की जानकारी चाही गई, जिस अपर जिलाधिकारी, झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि अनुबन्धित फर्म द्वारा वर्तमान में मात्र 27 श्रमिकों के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है, जिससे योजना की प्रगति अत्यन्त धीमी है। इसी प्रकार विकास खण्ड गुरसरांय में निर्माणाधीन बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना, जिसमें 92 ग्राम सम्मिलित है योजना के कार्यो को मात्र 93 श्रमिक एवं टेहरका ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट पर मात्र 75 श्रमिकों द्वारा ही कार्यो को कराया जा रहा है।



कुरेछा ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो की समीक्षा करने पर अनुबन्धित फर्म के ए.जी. एम. श्री ओ.वी.एस.एस. मूर्ति द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत 84 ग्राम सम्मिलित है। योजनान्तर्गत निर्माणाधीन 14 नग ओवर हैड टेंको में से 12 नग का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट के सिविल कार्य पूर्ण किये जा चुके है, विद्युत/यॉत्रिक सम्बन्धी कार्य अवशेष है। योजना के समस्त कार्य को माह दिसम्बर–2022 तक पूर्ण करते हुये योजना को पूर्ण क्षमता पर चालू करते हुये पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। इसी प्रकार अनुबन्धित फर्म मैसर्स दारा इंजीनियरिंग के

परियोजना प्रबन्धक श्री नारायण द्वारा अवगत कराया गया कि सितम्बर–2022 तक योजना में आंशिक जलापूर्ति चालू करते हुये योजना को माह नवम्बर–2022 तक पूर्ण क्षमता पर जलापूर्ति चालू कर दी जायेगी।

बरवार ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो की समीक्षा करने पर कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म मैसर्स यूनिप्रो टैक्नो इन्फ्राटेक के प्रतिनिधि श्री निशान्त द्वारा अवगत कराया गया कि योजना के दो जोन (खिरिया एवं बका पहाडी) मे 25 अक्टूबर, 2022 तक आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायगा।

गुलारा ग्राम समूह पेयजल योजना के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि माह फरवरी–2022 में योजनान्तर्गत निर्माणाधीन इन्टेक वेल 70 सेमी. नदी की ओर झुक गया था, जिसे अनुबन्धित फर्म द्वारा अभी सीधा नहीं किया जा सका। अनुबन्धित फर्म द्वारा उक्त इन्टेक वेल के स्थान पर दूसरे इन्टेक वेल के निर्माण हेतु सहमति व्यक्त की गयी है, जिसके निर्माण हेतु जल निगम द्वारा भूमि चिन्हित करते हुये उपलब्ध कराई जा चुकी है। परन्तु अनुबन्धित फर्म द्वारा वर्तमान तक दूसरे इन्टेक वेल का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, जिस पर अनुबन्धित फर्म के डी.जी.एम. श्री विजय लोखण्डे द्वारा अवगत कराया गया गया है कि मृदा परीक्षण कार्य प्रगति पर है। शीघ्र ही दूसरे इन्टेक वेल का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी को निर्देशित किया गया कि अनुबन्धित फर्म से लिखित रूप से यह प्राप्त कर लिया जाये कि उनके द्वारा दूसरे इन्टेक वेल का कार्य किस तिथि से प्रारम्भ किया जायेगा।

तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यों की समीक्षा करने पर अनुबन्धित फर्म के डी.जी.एम. श्री विजय लोखण्डे द्वारा अवगत कराया गया गया है कि माह नवम्बर–2022 में योजना में गृह संयोजनों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

बैठक के दौरान जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन समस्त 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यों को गुणवत्तापूर्वक एवं शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप अधिक से अधिक मशीनरी की संख्या बढाते हुये तीव्र गति से कराने हेतु समस्त अनुबन्धित फर्मों को निर्देशित किया गया तथा उन्हें यह भी निर्देश दिये गये कि योजनान्तर्गत ग्रामों में खोदी गई सडकों एवं गलियों को पाईप लाइन बिछाने के उपरान्त शीघ्र मोटरेबिल करना सुनिश्चित करें ताकि ग्रामवासियों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

(कार्यवाही– अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी/अधि. अभि. जल निगम (ग्रामीण)/समस्त कार्यदायी संस्था)

योजनाओं के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता/क्रियान्वयन हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन (टी.पी.आई.) हेतु चयनित मैसर्स बी.एल.जी. के डी.पी.एम. श्री राजेश मल्होत्रा से योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की जानकारी चाही गई, जिस पर उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब न दिये जाने पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा रोष व्यक्त किया गया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त फर्मों को निर्देशित किया गया कि आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ किये गये ग्रामों में पेयजल आपूर्ति सुचारू बनाये रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, ताकि शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित हो सके।

(कार्यवाही– अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति/अधि.अभि. जल निगम (ग्रामीण)/समस्त कार्यदायी संस्था)

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी को निर्देशित किया गया, कि योजनाओ के कार्यों को गुणवत्तापूर्वक क्रियान्वयन हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा अनुबन्धित पी.एम.सी. एवं टी.पी.आई. के टीम लीडर/डिप्टी टीम लीडर को पृथक–पृथक नियुक्त करते हुये उनके द्वारा किये जा रहे समस्त क्रियाकलापों से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें। (कार्यवाही– अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी/अधि. अभि. जल निगम (ग्रामीण)।

अन्तत: धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

17.09.21

(संजय कुमार पाण्डेय)
अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
झाँसी।

अनुमोदित

जिलाधिकारी
झाँसी।

## कार्यालय अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी।

पत्रांक– 1808/एस0टी0/नमामि गंगे/जलापूर्ति/2021–22 दिनांक 17/9/2021
प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित। /15।

1– मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 लखनऊ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
3– मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी।
4– सभी सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

17.9.21

(संजय कुमार पाण्डेय)
अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
झाँसी।